नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 209/2021
Dt- 28-6-2021

निदेशक,
पंचायती राज विभाग,
बिहार, पटना।

विषय –मधुबनी जिला में लेखापाल सह आई0टी0 सहायक के रिक्त पदों के आलोक में प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों की नियुक्ति कराने के संबंध में।

महाशय,

मुझे जानकारी मिली है कि पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना द्वारा विज्ञापित नियोजन विकल्प संख्या 4046, दिनांक 25.7.2018 में जिला पदाधिकारी मधुबनी के द्वारा अंतिम मेधासूची में कुल 100 एवं 50 अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची जारी की गयी थी, जिसमें कुल 84 अभ्यर्थियों का नियोजन किया गया। कुछ अभ्यर्थियों द्वारा योगदान नहीं देने एवं त्याग पत्र देने के कारण वर्तमान में उक्त पद अभी भी रिक्त है। रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों से की जानी थी।

लगभग तीन वर्ष बीत जाने के उपरांत भी जिला प्रशासन, मधुबनी द्वारा रिक्त पदों पर नियुक्ति नहीं की गयी है जबकि प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी कई बार इसके लिए अभ्यावेदन भी दे चुके हैं।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित संदर्भो के आलोक में समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

29/06/21

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
28.6.21
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in